प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को दिये प्रमाण पत्र : कहा– सरकार, उद्योग लगाने के साथ दे रही है रोजगार की भी गारंटी।
2. उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने एसजीपीजीआई में क्षय रोगियों को बांटी पोषण पोटली : कहा– प्रधानमंत्री, भारत को बनाना चाहते ह टीबी मुक्त।
3. केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत श्रमदान कर दिलाई स्वच्छता शपथ। और
4. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर सिखों के खिलाफ बयान को लेकर वाराणसी में मुकदमा दर्ज : कई जिलों में हुआ विरोध प्रदर्शन।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीटेक के छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि करोड़ों युवाआं को नौकरी भी और रोजगार के लिये निवेश की संभावनाएं उपलब्ध कराई

जा रही है। सरकार, उद्योग लगाने के साथ रोजगार की भी गारंटी दे रही है। बाइट........

*आज हमारे पास 27 सेक्टोरियल पॉलिसिज है, हरेक सेक्टर की और हर पॉलिसी को हमने इंप्लायमेंट के साथ जोड़ा है। अपनी जो औद्योगिक विकास की पॉलिसी बनायी तो उसमें हमने औद्योगिक और रोजगार की पॉलिसी नाम उसको दिया। हमने कहा औद्योगिक निवेश होगा सरकार इंवेस्टमेंट देगी लेकिन इंसेस्टिव देगी लेकिन इंसेस्टिव के साथ उन्हें रोजगार देने की गारंटी भी हमें देनी है। टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है आज कोई भी इंवेस्टर यूपी के अंदर जब इंवेस्ट के लिये आता है तो एक जगह वो आवेदन करता है, हमें उसको सिंगल विंडो व्यवस्था देते है और एक जगह में बैठ कर डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से हम उसे साढ़े चार सौ से अधिक एक एनओसी एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध करवाते हैं। देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो का निवेश मित्र पोर्टल यूपी संचालित कर रहा है।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जातीय विभेद, छुआछूत, अस्पृश्यता के कारण जब तक सामाजिक एकजुटता का अभाव रहेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता को चुनौती मिलती रहेगी। इसीलिए भारत की मार्गदर्शक संत परंपरा ने समाज को जोड़ने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित ब्रह्मलीन मंहत दिग्विजयनाथ और मंहत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने लोगों को देश को बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से सतर्क होकर

और एकजुट होकर देश और समाज हित के लिए काम करने का आह्वान किया।

————————

नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान, केन्द्र सरकार ने बुनियादी ढांचे, किसानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं के लिए 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की हैं। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लोग नरेन्द्र मोदी सरकार के सौ दिन पूरा होने पर काफी खुश हैं। काशी के जीआई विशेषज्ञ डॉ0 रजनीकांत ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि श्री मोदी ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में जो एजेंडे तय किये थे, उसे समय रहते पूरा कर लिया। बाइट.......

*100 दिन के एजेंडे में किसान है, शिल्पी है, बुनकर है, महिलायें है और यहां तक की आदिवासी समाज के लोग अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के, पिछड़े वर्ग के दिव्यांगजन है, तो उनके लिये जितनी भी योजनाओं को उन्होंने अपने रोडमैप में डाला था। उस रोडमैप को उन्होंने 100 दिन के अंदर में पूरा किया। दूसरी एक जो बहुत बड़ी उपलब्धि है, जो वृद्धजन थे, 70 वर्ष के आयु के ऊपर के लोग सबसे अधिक मेडिकल की आवश्यकता उनको होती है तो जो उन्होंने घोषणा किया था कि हम 100 दिन के अन्दर उसको पूरा करेंगे वह उन्होंने उसको पूरा किया।*

————————

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आज लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई में क्षय रोगियों को गोद लिए जाने और पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन

किया गया। इस अवसर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को टीबी मुक्त देश के रूप में देखना चाहते हैं, टीबी रोगियों को पोषण पोटली प्रदान करना, इस दिशा में उठाया गया एक कदम है।

———————

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए पर्यटन पुलिस को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें लखनऊ स्थित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ़ टूरिज्म मैनेजमेंट में अलग–अलग बैच में ट्रेनिंग दी गई। जिसमें उन्हें आगंतुकों के साथ व्यवहार, स्वास्थ्य देखभाल सहित अन्य जानकारियां दी गई। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा और प्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रचार–प्रसार में सहयोग के लिए पर्यटन पुलिस का गठन किया गया है। इनकी तैनाती प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर की गई है।

———————

रेलवे भर्ती बोर्ड ने गैर तकनीकी श्रेणियों में विभिन्न पदों के लिए तीन हजार चार सौ 45 भर्तियां निकाली हैं। इसके लिए अभ्यर्थी 20 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। जिन पदों के लिए भर्ती निकाली गई है, उनमें वाणिज्यिक सह टिकट लिपिक, लेखा लिपिक सह टंकक, कनिष्ठ

लिपिक सह टंकक और रेलगाड़ी लिपिक के पद शामिल हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा है कि भर्ती से संबंधित कोई भी सूचना समय–समय पर केवल आरआरबी की वेबसाइट पर ही जारी की जाएगी।

——————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा है कि सभी  नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत दो अक्टूबर तक स्वच्छता और साफ़ सफ़ाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने पर देशभर में स्वच्छता में जनभागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता और सफाई मित्र सुरक्षा के साथ स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी के 155 वें जन्मदिवस पर समस्त नगरीय निकायों में

26 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक 155 घंटे तक लगातार सफाई अभियान चलाया जायेगा। श्री शर्मा ने इसके लिए सभी निकाय कार्मिकों को अभी से तैयारी पूरी करने को कहा। नगर विकास मंत्री ने कल लखनऊ में निकायों की स्वच्छता, साफ सफाई, सुंदरीकरण के कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश दिये।

———————

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज में आज 'स्वच्छता ही सेवा 2024' के तहत स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री और सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने महुआ स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में साफ सफाई की। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण किया और स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने लोगों से स्वच्छता और वृक्षारोपण के क्रियाकलापों को अपनाने का आग्रह किया।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आज लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

———————

लोकसभा में नेता प्रविपक्ष राहुल गांधी के पिछले दिनों अमेरिका में सिखों के बारे में दिये गए बयान को लेकर वाराणसी में अधिवक्ता और भाजपा पदाधिकारी अशोक कुमार ने सिगरा थाना में तहरीर दी। उनकी तहरीर पर

राहुल गांधी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अशोक कुमार ने कहा कि राहुल गांधी का बयान सिख समुदाय को उत्तेजित करन वाला था। साथ ही देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कह कर राहुल गांधी ने पिछड़े और वंचित समुदाय के लोगों की भावनाओं को आहत किया है।

राहुल गांधी के सिखों के बारे में दिये गये बयान को लेकर लखनऊ, मिर्जापुर सहित कई जिलों में आज विरोध प्रदर्शन किया गया।

———————

केन्द्रीय कौशल विकास एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर जेपीसी बनाई गई है। केन्द सरकार इस पूरे मामले में लोगों से सुझाव ले रही है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि सरकार ने जो संसद में प्रस्ताव दिया है, उसमें कुछ बदलाव किया जाये। श्री चौधरी आज राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय के उद्घाटन और जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने शामली पहुंचे थे। इस दौरान श्री चौधरी ने कहा कि किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा रहा है।

———————

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद विवाद को बेहद चिंताजनक बताया है।

उन्होंने कहा कि हिंदुओं में प्रसाद को लेकर जो श्रद्धा होती है, अब उसमें शंका उत्पन्न हो गई है। प्रसाद में मिलावट करना हिंदू धर्म में सबस बड़ा पाप है। यह एक विचारणीय विषय है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने आज वाराणसी के इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस बीएचयू के आयुर्वेद संकाय के काय चिकित्सा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने गोवंश को प्राचीन काल की तरह जीवन शैली में लाने की जरूरत पर बल दिया।

(समाप्त)